॥ॐ॥

**हिमाचल शिक्षा समिति**

सरस्वती विद्या मन्दिर हिम रश्मि परिसर विकासनगर, शिमला-171009,हि0प्र0

दूरभाष-0177-2620813, 2620814

www. shikshasamiti.org, E-mail: himachalshikshasamitishimla@gmail.com

==========================================================================

दिनांक : 16.09.2018

==========================================================================

# प्रैस विज्ञप्ति

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध विद्या भारती उत्तरक्षेत्र द्वारा सरस्वती विद्या मन्दिरों की 31वीं क्षेत्रीय योगासन, शतरंज, कैरम व टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं सरस्वती विद्या मन्दिर हिम रश्मि परिसर, विकासनगर शिमला में प्रारम्भ हुई।

दो दिवसीय इन प्रतियोगिताओं के उद्घाटन अवसर पर विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री हेमचन्द्र ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने इस पुरानी कहावत को झूठला दिया है कि ''खेलोगे कूदोगे होंगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब''। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के शोध संस्थान लखनऊ ने अपने शोध में यह पाया कि विद्या भारती के अन्तर्गत सरस्वती विद्या मन्दिरों में पढ़ने वाले भैया-बहिन जो खेलों में भी भाग लेते हैं वे वार्षिक परीक्षाओं में भी उच्च श्रेणी प्राप्त करते हैं। श्री हेमचन्द्र ने कहा कि विद्या भारती विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास अर्थात शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक विकास की ओर अधिक बल दे रही है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद या शारीरिक श्रम आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही पवित्र मन का वास सम्भव है। उन्होंने कहा कि खेलों में विजय के बाद खिलाड़ी के अन्दर घमण्ड नहीं आना चाहिए और जीत को कायम रखने के लिए मेहनत जारी रखनी चाहिए तथा पराजित हुए खिलाड़ी को गलतियों से सीख लेते हुए अगली प्रतियोगिता के लिए तैयार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विद्या भारती सरस्वती शिशु मन्दिरों के माध्यम से बालकों के सर्वांगीण विकास में लगी है। विद्या भारती ने 1988 से सरस्वती विद्या मन्दिरों की राष्ट्रीय खेलों का आयोजन शुरू किया और विद्या भारती के विद्यालयों से निकले हुए पूर्व छात्र अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में सहभाग कर रहे हैं।

उद्घाटन अवसर पर सरस्वती विद्या मन्दिर हिम रश्मि परिसर की बहिनों द्वारा सुन्दर भजन नृत्य की प्रस्तुति दी।

इन प्रतियोगिताओं में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू व हिमाचल प्रदेश की सरस्वती विद्या मन्दिरों की टीमों के लगभग 400 खिलाड़ी भैया बहिन भाग ले रहे हैं। खेलकूद में अन्डर 14, अन्डर 17 व अन्डर 19 छात्र एवं छात्राओं की योगासन, शतरंज, कैरम व टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं हो रही हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री सुरेन्द्र अत्री जी, मंत्री डॉ. गुलाब सिंह मेहता, क्षेत्र के खेलकूद प्रमुख श्री बलदेव शर्मा, सह खेलकूद प्रमुख रमेश बमोत्रा, हिमाचल शिक्षा समिति के संगठन मंत्री तिलकराज, महामंत्री दिलाराम चौहान सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

(देवीसिंह वर्मा)
प्रांत प्रचार प्रमुख
हिमाचल शिक्षा समिति
94180 03927